CMYK

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में बुधवार
सायं 6:09 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सुबह 7:03 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 209 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | बुधवार, 11 फरवरी 2026

संजय कपूर ने अपने निर्देशकों...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### दौसा में कार-ट्रक की भीषण टक्कर, छह लोगों की हुई दर्दनाक मौत

दौसा। दौसा जिले में एक भीषण सड़क हादसे में कार सवार छह युवकों की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक यह हादसा मंगलवार देर रात हुआ, जब सभी युवक अभानेरी गांव में एक कार्यक्रम से लौट रहे थे। पुलिस ने बताया कि कार चालक का नियंत्रण गाड़ी से हट गया, जिसके बाद कार डिवाइडर तोड़ते हुए सामने से आ रहे ट्रक से जा टकराई। टक्कर इतनी तेज थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और मौके पर ही छह लोगों की जान चली गई। मृतकों की पहचान अंकित, समय सिंह, लोकेश, नवीन, दिलखुश और मनीष के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, सभी मृतक आपस में दोस्त थे और दौसा के कल्खो गांव के रहने वाले थे। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को अस्पताल भिजवाया। मामले की जांच की जा रही है।

### शराब के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

हल्द्वानी। मुखानी क्षेत्र में पुलिस ने अवैध कच्ची शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से लगभग 25 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई है। कांस्टेबल बंशीधर जोशी अपने हमराही कांस्टेबल गोपाल दत्त के साथ शांति व्यवस्था एवं अपराध रोकथाम के उद्देश्य से क्षेत्र में गश्त पर थे। इसी दौरान आरटीओ कार्यालय के पास कांस्टेबल रविन्द्र खाती भी टीम के साथ शामिल हो गए। गश्त के दौरान पुरनपुर तिराहे के पास एक मुखबिर द्वारा सूचना दी गई कि जंगल की ओर से एक व्यक्ति काले प्लास्टिक के जरीकेन में कच्ची शराब लेकर आ रहा है। सूचना पर विश्वास करते हुए पुलिस टीम ने तत्काल मौके की घेराबंदी की। कुछ ही दूरी पर एक संदिग्ध व्यक्ति कंधे पर जरीकेन लेकर आता दिखाई दिया, जो पुलिस को देखकर वापस जंगल की ओर मुड़ने लगा।

# संकट: छायाकारी पर मोबाइल फोटोग्राफी का प्रहार

नैनीताल
अफजल हुसैन फौजी

छायाकारी पर मोबाइल फोटोग्राफी का प्रहार भारी पड़ने लगा है। छायाकारी के दम पर आजीविका कमाने वाले छायाकारों के भविष्य पर संकट मडराने लगा है। नैनीताल के फोटोग्राफर्स का धंधा फोटोग्राफी से परे लोक परिधानों पर निर्भर हो चला है।

छायाकारी का वह भी एक दौर था, जब नगर में दर्जनों फोटोग्राफर विभिन्न पर्यटन स्थलों में सैलानियों की फोटोग्राफी करते नजर आते थे। तब नगर में स्वरोजगार का बड़ा पेशा छायाकारी हुआ था। मगर मोबाइल



फोन का प्रचलन बढ़ने के साथ फोटोग्राफरों की रोजी रोटी कुमाऊंनी व कश्मीरी परिधानो में निर्भर रह गई है। सैलानी छायाकारों से ये लोक परिधान किराए में लेते हैं और अपने मोबाइल कैमरे से फोटो खींचकर चले जाते है। छायाकारों का कहना है कि बीते कुछ वर्षों में स्मार्ट मोबाइल का प्रचलन बढ़ने से फोटोग्राफर्स का रोजगार प्रभावित हो रहा है। स्थानीय छायाकार अकरम खान के अनुसार पहले एक दिन में सौ से ज्यादा पर्यटक फोटोग्राफर्स से फोटो खींचाने पहुंचते थे। लेकिन अब लोग अपने मोबाइल से ही फोटो खींचना पसंद करते हैं। अब आलम यह है कि एक फोटोग्राफर्स का एक फोटो खींचना मुश्किल हो रहा है। ऐसे में कई लोगों ने फोटोग्राफी का काम छोड़ दिया है। वहीं कुछ फोटोग्राफर अब मल्लीताल झील किनारे कुमाऊंनी व कश्मीरी परिधानों को किराए पर देकर अपना रोजगार चला रहे हैं। लेकिन यह रोजगार फोटोग्राफर्स के घर चलाने के लिए नाकामी नजर आ रहे हैं। जिसके चलते अब गिने चुने फोटोग्राफर ही यहां फोटोग्राफी कर रहे हैं। अब पर्यटक परिधानों को किराए पर लेकर सैल्फी लेना ही पसंद कर रहे हैं। दिन में दो या चार पर्यटक फोटो खिंचवाने आ जाते हैं। अब परिधानों को किराए पर देकर ही रोजगार कर रहे हैं। नरेश भारती कहते हैं कि रील वाले कैमरों के दौर में फोटोग्राफरों का काम बहुत अच्छा था। लोग अब मोबाइलों से फोटो खींचना पसंद कर रहे हैं। अब ड्रेस किराए पर देकर ही किसी तरह गुजारा कर रहे हैं।

गृह मंत्रालय ने वंदे मातरम पर नए दिशा-निर्देश

# निर्देश: जन-गण-मन से पहले राष्ट्रगीत के छह पैरा गाए जाएंगे

नई दिल्ली
एजेंसी

केंद्र सरकार ने वंदे मातरम को लेकर बड़ा फैसला लिया है। बुधवार गृह मंत्रालय ने इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए। नए प्रोटोकॉल के मुताबिक अब सभी सरकारी कार्यक्रमों में लगभग तीन मिनट 10 सेकेंड में गाए जाने वाली छह पैरा का गायन अनिवार्य होगा। इसे राष्ट्रगान यानी जन-गण-मन... से पहले गाया जाएगा।

भारत का राष्ट्रगीत वंदे मातरम एक बार फिर चर्चा में है। दरअसल, केंद्र सरकार ने कुछ नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसके मुताबिक, अब देश में राष्ट्रगान- जन गण मन से पहले राष्ट्रगीत वंदे मातरम बजाना अनिवार्य होगा। गृह मंत्रालय की ओर से जारी आदेश के मुताबिक, सरकार ने आधिकारिक मौकों पर पूरे छह छंदों वाले राष्ट्रगीत को बजाना और इसका गायन अनिवार्य किया है, जिसकी अवधि 3 मिनट 10 सेकंड होगी। यानी इनमें वे चार छंद भी शामिल होंगे, जिन्हें कांग्रेस ने 1937 में हटा दिया था। वंदे मातरम की रचना बंगाल के महान साहित्यकार बंकिम चंद्र चटर्जी द्वारा 1870 के दशक में की गई थी। यह पहली बार 1875 में




उपन्यास आनंठ में प्रकाशित हुआ था। उपन्यास आनंद मठ का मूल कथानक संन्यासियों के एक समूह के इर्द-गिर्द घूमता है, जिन्हें संतान कहा जाता है, जिसका आशय बच्चे होता है, जो अपनी मातृभूमि के लिए अपनी जिंदगी समर्पित कर देते हैं। वे मातृभूमि को देवी मां के रूप में पूजते हैं; उनकी भक्ति सिर्फ अपनी जन्मभूमि के लिए है। वंदे मातरम आनंद मठ में चित्रित इन्हीं संतानों द्वारा गाया गया गीत है। यह राष्ट्रभक्ति के धर्म का प्रतीक था, जो आनंद मठ का मुख्य विषय था।

कहा जाता है कि बंकिमचंद्र चटर्जी ने वंदे मातरम की रचना कर मातृभूमि को मां के रूप में देखने का नजरिया दिया, ताकि क्रांतिकारियों में आजादी की अलख जागती रहे। राजनीतिक नारे के तौर पर वंदे मातरम का सबसे पहले इस्तेमाल 7 अगस्त 1905 को हुआ था, जब सभी समुदाय के हजारों छात्रों ने कलकता (कोलकाता) में टाउन हॉल की तरफ जुलूस निकालते हुए वंदे मातरम और दूसरे नारों से आसमान गूंजा दिया था । वहां एक बड़ी ऐतिहासिक सभा में, विदेशी सामानों के बहिष्कार और स्वदेशी अपनाने के प्रसिद्ध प्रस्ताव को पास किया गया, जिसने बंगाल के बंटवारे के खिलाफ आंदोलन का संकेत दिया।

# कुमाऊं मंडलायुक्त ने सुनीं आम नागरिकों की विभिन्न शिकायतें

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

कुमाऊं मंडलायुक्त दीपक रावत ने मंगलवार को हल्द्वानी कैंप कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में आम नागरिकों की विभिन्न शिकायतें सुनी। इस दौरान भूमि विवाद, धोखाधड़ी, अवैध निर्माण, पारिवारिक विवाद, पेयजल, सड़क जाम और रोडवेज बस अड्डे के बाहर बसों के अनावश्यक ठहराव से जुड़ी समस्याएं सामने आईं। कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया गया।

काशीपुर से आई शिकायत में आरोप लगाया गया कि पुरानी फर्म के नाम पर नई कंपनियां बनाकर भूमि खरीद की गई और स्थायी निवास प्रमाण पत्र तैयार कराए गए। मंडलायुक्त ने उपजिलाधिकारी को शीघ्र जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए और दोषियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई का आश्वासन दिया। हल्द्वानी रोडवेज बस अड्डे और कालूसिद्ध मंदिर क्षेत्र में ट्रैफिक जाम की शिकायत पर पुलिस विभाग को निर्देश दिए गए कि बसों के लिए मुख्य मार्ग पर सवारियां न बैठाई जाएं और ठेला-रेहड़ी हटाकर नियमित चेकिंग सुनिश्चित की जाए। जनसुनवाई में भूमि क्रय और धनराशि लेन-देन से संबंधित कई मामलों में शिकायतकर्ताओं को उनकी राशि लौटाई गई, जिससे संतुष्ट लोगों ने मंडलायुक्त का आभार व्यक्त किया।

इसके अलावा बनभूलपुरा क्षेत्र के निवासियों ने नालियों में जाली, स्ट्रीट लाइट, पेयजल और विद्युत से जुड़ी समस्याएं रखीं, जबकि गांधीनगर और काठगोदाम क्षेत्रों में पैदल मार्ग, ड्रेनेज व्यवस्था और सरकारी भूमि पर अतिक्रमण से संबंधित शिकायतें आईं। संबंधित विभागों को शीघ्र समाधान के निर्देश दिए गए। मंडलायुक्त दीपक रावत ने कहा कि प्रशासन आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए प्रतिबद्ध है और जनसुनवाई के माध्यम से प्राथमिकता के आधार पर समस्याओं का समाधान किया जा रहा है।



# पूर्व विधायक शुक्ला ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं उत्तराधिकारी कार्यालय का उद्घाटन किया

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

आवास विकास स्थित उत्तराखंड स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं उत्तराधिकारी संगठन के जिला कार्यालय का पूर्व विधायक एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी राजेश शुक्ला ने नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव के साथ फीता काटकर शुभारंभ किया।इस दौरान पूर्व विधायक शुक्ला ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का त्याग और बलिदान देश की अमूल्य धरोहर है, जिसे नई पीढ़ी तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि संगठन का जिला कार्यालय सेनानियों के आदर्शों और उनके उत्तराधिकारियों के हितों को मजबूत करने का केंद्र बनेगा। 4 दिसंबर को रुद्रपुर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी गांव में सेनानी भवन के निर्माण की घोषणा कराई गई थी, जो सेनानी परिवारों के सम्मान और संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस घोषणा के लिए सभी उत्तराधिकारियों ने जिलाध्यक्ष ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव के नेतृत्व में पूर्व विधायक शुक्ला का आभार प्रकट किया।नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव ने कहा कि संगठन का उद्देश्य स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाना तथा उनके उत्तराधिकारियों के अधिकारों और सम्मान की रक्षा करना है। हराया। इस दौरान आनंद कुमार गुप्ता, ब्रह्म प्रकाश श्रीवास्तव, रविकांत वर्मा, रणजीत सिंह, विनोद कुमार चौहान,संजय श्रीवास्तव,चंद्रशेखर यादव, अवनेंद्र कुमार गुप्ता, करुणाकर तिवारी, वीरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# 46वीं वाहिनी पीएसी में स्थापना दिवस पर खेलकूद एवं कार्यक्रमों की धूम

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

46वीं वाहिनी पीएसी के स्थापना दिवस के अवसर पर दूसरे दिन खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। कार्यक्रम का उद्देश्य आपसी सौहार्द, अनुशासन तथा शारीरिक एवं मानसिक उत्साह को बढ़ावा देना रहा।

इस दौरान अंतर-कंपनी वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न दलों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कड़े मुकाबलों के पश्चात सी एवं डी दल, तथा जी एवं एच दल ने अपने-अपने मैच जीतकर फाइनल मुकाबले में प्रवेश किया।

खिलाड़ियों के अनुशासन, खेल भावना एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन ने दर्शकों का मन मोह लिया।वाहिनी के चतुर्थ



श्रेणी कर्मियों के लिए बोरा दौड़ एवं तीन टांग दौड़ जैसी रोचक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिभागियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतियोगियों ने अपनी कुशलता एवं उत्साह का परिचय दिया। इसके बाद वाहिनी के बच्चों के लिए जलेबी दौड़ एवं नींबू दौड़

**आयोजन**

- सेनानायक आईपीएस अधिकारी ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर उत्साहवर्धन किया

का आयोजन किया गया।बच्चों की मुस्कान और उल्लास ने कार्यक्रम में विशेष आनंद का संचार किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के मध्य सेनानायक, 46वीं वाहिनी पीएसी पंकज भट्ट ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया। साथ ही सांस्कृतिक कला उत्थान समिति, हल्द्वानी से पहुंचे लोक कलाकारों को उनकी मंत्रमुग्ध कर देने वाली प्रस्तुतियों के लिए सम्मानित किया गया। यहां पर पीएसी के अधिकारियों समेत अन्य मौजूद रहे।

# भवाली में नजूल भूमि आदेश के खिलाफ उग्र प्रदर्शन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नैनीताल जिले के भवाली में बीते दिनों नाबालिग बालिका के साथ हुए दुराचार के मामले ने अब जोर पकड़ना शुरु कर दिया है। मामले को लेकर जहां एक ओर नगर पालिका के नजूल भूमि के आदेश के खिलाफ कई लोगों ने प्रदर्शन किया वहीं मामले में चार भाजपा नेताओं के पुतले भी जलाएं दूसरी ओर मामले को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल को ज्ञापन सौंपा जबकि विधायक सरिता आर्या ने पीड़ित नाबालिग के परिवार से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया।



बता दें नगर पालिका की नजूल भूमि पर बसे लोगों को चिन्हीकरण कर कार्रवाई करने के आदेश के विरोध में भवाली शहर में लोगों का विशाल हुजूम सड ?ों पर उतर आया। बीच चौराहे पर भाजपा के चार नेताओं के पुतले जलाए गए जिसके बाद मुरदाबाद के नारे लोगों ने भाजपा शीर्ष नेतृत्व से इन नेताओं को पार्टी से निष्कासित करने की मांग की। गुस्साए लोगों ने आरोप लगाया कि ये नेता शहर का माहौल खराब करने की कोशिश कर रहे हैं। बाहर भीमताल क्षेत्र के लोगों को बुलाकर नजूल में बसे लोगों को उजाड़ने के लिए हंगामा मचा रहे हैं। गुस्साए लोगों ने चेतावनी दी कि अगर ये हमारे क्षेत्र में दोबारा आए तो इन्हें जूतों की माला पहनाई जाएगी। उन्होंने मांग की कि सरकार नजूल में बसे लोगों को फ्रीहोल्ड देकर वैध बनाए या नियमितीकरण करे।समाजसेवी शीलू कुमार और व्यापार मंडल अध्यक्ष नरेश पांडे के नेतृत्व में शहर के लोग प्रदर्शन करने सड ?ों पर उतरे।

शहर के कई वॉर्ड मेंबरों ने अपने लेटरहेड पर नगर पालिका अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान कई संगठनों ने उनका साथ दिया। प्रदर्शन में शीलू कुमार, नरेश पांडेय, किशन अधिकारी, पवन रावत, सुमित सिंह, प्रदीप अर्या, कबीर साह, फरदीन अंसारी, दीपक अर्या, रहमान कुरेशी, इदरीस खान, जावेद, बिलाल, यश, मनीष, आर्मान, सूरज, अमील, आदिल तथा समीत समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।



# अंतर राज्यीय युवा आदान प्रदान कार्यक्रम:प्रतिभागियों ने देखा एरीज

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

मेरा युवा भारत नैनीताल( युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार) द्वारा हार्मिटेज (यूजीसी मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र) नैनीताल में पांच दिनी अंतर राज्यीय युवा आदान प्रदान कार्यक्रम मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी रहा।

बता दें कार्यक्रम में अतिथि राज्य बिहार के मुजफ रपुर, समस्तीपुर, पटना, वैशाली एवं बेगूसराय से 35 युवा एवं 2 ग्रुप लीडर मुजफ्फरपुर के चंदन एवं वैशाली से श्वेता मिलाकर कुल 37 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं ।द्वितीय दिन की शुरुआत योग से हुई। इसके पश्चात सभी प्रतिभागियों ने कैंची धाम, हनुमानगढ़ी एवं आर्यभट्ट अनुसंधान संस्थान प्रेक्षणीय विज्ञान (एरीज) का भ्रमण किया। एरीज से पब्लिक आउटरीच प्रोग्राम के सदस्य कमल सिंह एवं मोहित सिंह पवार द्वारा विस्तार में एरीज के बारे में बताया वही वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ वीरेंद्र यादव द्वारा 1.04 मीटर संपूर्णानंद टेलीस्कोप के बारे में बताया। सभी प्रतिभागियों ने यह स्तर में रुचि दिखाई। मेरा युवा भारती नैनीताल की उप निदेशक श्रीमती डॉल्वी तेवतिया द्वारा सभी को स्मृति चिन्ह प्रदान कर धन्यवाद दिया,सायं में सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सभी जिलों के युवाओं ने प्रतिभाग किया और एक दूसरे के राज्यों के संस्कृती को जाना। कार्यक्रम में पुष्कर दानू एवं अजय कोहली का विशेष सहयोग रहा।

# याचिकाकर्ता सरकार के जवाब पर अपना प्रति शपथ पत्र पेश करें: हाईकोर्ट

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

उत्तराखण्ड हाईकोर्ट ने नेशनल हॉकर फै डरेशन आफ इंडिया द्वारा बिना सर्वे किए स्ट्रीट बेंडरों को हटाए जाने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले को सुनने के बाद मुख्य न्यायधीश मनोज कुमार गुप्ता व न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने याचिकाकर्ताओं से सरकार के जवाब पर अपना प्रति शपथ पत्र पेश करने को कहा। दूसरी ओर अब हाईकोर्ट ने मामले को अगली सुनवाई हेतु तीन सप्ताह बाद की तिथि नियत की है।

मामले के अनुसार नेशनल हॉकर फै डरेशन सहित अन्य के द्वारा जनहित याचिका दायर कर कहा गया है कि उत्राखंड में लगभग 10187 स्ट्रीट बेंडर हैं। सरकार ने स्ट्रीट बेंडर एक ट-2014 का पालन अभी तक नहीं किया है जिसमें कहा गया है कि स्ट्रीट बेंडरों के लिए एक निर्धारत जगह होगी, उसे संबन्धित कॉर्पोरेशन द्वारा लाइसेंस दिया जाएगा, उनको हटाने से पूर्व समाचार पत्रों में विज्ञप्ति जारी करनी होगी, जिस जगह पर स्ट्रीट बेंडरों के लिए जगह निर्धारित होगी वहाँ पर ये लोग अपने पास लाइसेंस तथा आधारकार्ड और राशनकार्ड रखेंगे जिससे इनकी आसानी से पहचान हो सके। सुप्रीम कोर्ट ने 2014 में एक निर्णय देकर कहा था कि सभी राज्य अपने वहाँ सभी स्ट्रीट बेंडरों का चार माह के भीतर सर्वे कर एक स्ट्रीट टाउन बेंडर कमेटी का गठन करें जिसमें संबन्धित कॉर्पोरेशन,पुलिस प्रसासन तथा व्यापार मंडल समेत जानकार लोग होंगे लेकिन अभी तक न तो उत्तराखण्ड में इनका सर्वे हुआ न बेन्डिंग जोन घोषित हुआ न ही कमेटी का गठन हुआ, जिसका नतीजा आये दिन इन लोगो का सामना जबत किया जाता आ रहा है। जनहित याचिका में यह भी कहा गया है कि सामान जबत करने व उसे तोडने का अधिकार इनको नहीं है जबकि जबत खाने का सामना एक दिन में और अन्य सामान तीन दिन के भीतर वापस करने का भी प्रावधान है। समान उसी दिन वापस कराया जाय या फिर उनको इसका मुआवजा दिया जाए।

## NEWS / फटाफट

### विधायक सरिता आर्या ने पुतला दहन की कड़ी निंदा



**नैनीताल** । विधायक सरिता आर्या ने मंगलवार को भवाली में भाजपा कार्यकर्ताओं के पुतले व व्यक्तिगत टिप्पणी किए जाने की कड़ी निंदा की उन्होंने कहा कि किसी भी जनप्रतिनिधि या कार्यकर्ता पर व्यक्तिगत टिप्पणी करना लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है और यह किसी भी सूरत में बर्दाश्त योग्य नहीं है यह पूर्णतया गलत और निंदनीय कृत्य है।

### विधायक सरिता आर्या ने नाबालिग परिवार पीड़ित से की मुलाकात



**नैनीताल** । विधायक सरिता आर्या ने मंगलवार को पीड़ित नाबालिग के परिवार से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने पीड़ित परिवार से बातचीत कर हर संभव सहायता का आश्वासन दिया उन्होंने कहा कि नाबालिग बच्ची के साथ दुराचार करने वाले दोषी को कठोर से कठोर सजा मिलनी चाहिए ताकि यह समाज के लिए एक सबक बने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता पीड़ित परिवार के साथ है ।पीड़ित परिवार को यदि कोई डराता या धमकाता है तो उसके ऊपर उचित कार्यवाही की जाएगी विधायक ने पुलिस अधिकारियों से पीड़ित व उसके परिवार के सुरक्षा की बात कही इस दौरान भाजपा नेता भावना मेहरा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में अग्निसुरक्षा व्यवस्थाओं की जांच

**नैनीताल** । नैनीताल में अग्निकांडों की घटनाओं को देखते हुए दमकल की टीम की ओर से व्यवसायिक प्रतिष्ठानों तथा पेट्रोल पंप व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अग्निसुरक्षा व्यवस्थाओं की जांच की। उन्होंने प्रतिष्ठान स्वामियों व संचालकों को जरूरी निर्देश दिए। बता दें मंगलवार को अग्निशमन अधिकारी देवेंद्र सिंह नेगी ने नैनीताल क्षेत्र के अंतर्गत व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, पेट्रोल पंपों व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में का अग्निसुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिकोण से निरीक्षण किया। इस दौरान अग्निसुरक्षा व्यवस्थाओं की जांच की गई। साथ ही उपस्थित स्टाफ को फ ायर एसटिंग्यूशर द्वारा आग बुझाने का प्रशिक्षण दिया गया। नेगी ने बताया कि प्रतिष्ठान स्वामियों उओ अग्नि सुरक्षा संबंधी कमियों को दुरुस्त करने के सुझाव व नोटिस निर्गत किए गए हैं।

### तल्लीताल चौराहे पर गांधी प्रतिमा के समीप की रैलिंग टूटी

**नैनीताल** । नगर के तल्लीताल चौराहे पर गांधी प्रतिमा और गांधीजी के बंदरों के समीप सुरक्षा के लिए लगाई गई रेलिंग टूटने लगी है। टूटी हुई रेलिंगों के चोरी होने का भी भय बना हुआ है। बता दें कि कुछ ही महिनों पूर्व लानिवि की ओर से तल्लीताल में चौराहे का चौड़ीकरण करने के साथ ही गांधी जी और उनके बंदरों की प्रतिमा स्थापित की थी। जिनकी सुरक्षा के लिए चारों ओर एंगिलों से रैलिंग की गई थी। लेकिन कुछ ही दिनों में लोगों की ओर से यहां बैठने व फ ोटो खिंचाने के चलते एंगिल निकलना शुरू हो गया है। सोमवार को एंगिल टूटने के बाद वहीं गिरी हुई है। लोगों का कहना है कि यूंही एंगिल टूटते रहे तो चोरी हो सकते हैं। म्मामले में लोनिवि के जेई विवेक धर्मशत्तू ने बताया कि पर्यटकों के फोटो खिंचाने के दौरान एंगिल निकले हुए हैं। जल्द ही एंगिलों में वेल्डिंग कर जोड़ दिया जाएगा।

### झूतिया से कोल कांडा मोटर मार्ग डामरीकरण हेतु 7 करोड़ 15 लाख स्वीकृति

**नैनीताल** । नैनीताल जिले के भीमताल विधान सभा के विधायक राम सिंह कैड़ा ने बताया कि भीमताल विधानसभा के रामगढ़ विकास खंड के झूतिया से कोल कांडा- कुना तक मोटर मार्ग के सुधारीकरण व डामरीकरण करने के लिए 7 करोड़ 15 लाख स्वीकृति हो गये हैं। उन्होंने बताया कि शासन से स्वीकृति मिलने के बाद अब टैण्डर प्रक्रिया शुरू हो गई है जल्दी ही मोटर मार्ग पर सुधारीकरण व डामरीकरण कार्य किया जायेगा।

## नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

–संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी
न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# डीएम ने सड़क दुघर्टनाओं को लिया गंभीरता से संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक, दिए निर्देश

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

सड़क सुरक्षा व सड़क दुर्घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने अभियान चलाकर ओवरलोडिंग व भारीवाहनों की गति पर नियंत्रण लगाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये।

जिलाधिकारी भदौरिया कहा कि सभी एसडीएम, सीओ एआरटीओ सड़क महकमें के अधिकारी भारी वाहनों, खनन वाहनों को दो दिन में रूट निर्धारित कर संचालित कराना सुनिश्चित करें। डीएम ने कहा कि स्कूल जाने टाईम तथा छुट्टी टाईम शहरों, कस्बों में भारी वाहन अथवा खनन वाहनों संचालन पूर्ण प्रतिबंधित रहेंगे। उन्होंने भारी व खनन वाहनों के संचालन हेतु वैकल्पिक रूट निर्धारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा जो वाहन निर्धारित समय व रूट के इतर चलते पाए जाते हैं उन्हें सीज करने के निर्देश भी दिए। स्टोन क्रेसरों से ओवर लोड खनिज वाहन निकलने पर सम्बन्धित क्रेसर संचालक की जिम्मेदारी तय की जायेगी। इसलिए सभी क्रेसर संचालक निर्धारित खनिज भार पर ही खनन वाहनों की निकासी कराना सुनिश्चित करें। डीएम ने खनन क्षेत्रों से भी ओवरलोड वाहनों पर कड़ी कार्यवाही करते हुए प्रतिबन्ध लगाने के निर्देश भी दिये। खनिज लाने वाले वाहनों को ढक कर लाने के निर्देश दिये,ताकि सड़कों में रेता, बजरी न गिरने पाये।

मादक पदार्थ का सेवन कर वाहन चलाने वालों की सख्ती से जांच कर कार्रवाई की जाए। एसएसपी ने ओवरलोडिंग व ओवर स्पीड के विरूद्ध अभियान चलाने के निर्देश दिये। उन्होंने भारी वाहनों का रूट निर्धारित करते हुए शहर, कस्बों व हाईवे से मिलने वाले स ?को को चिन्हित करते हुए बैरियर लगाने के निर्देश पुलिस अधिकारियों को दिये।ब्लैक स्पॉट व एक्सिडेंटन जोन भी चिन्हित किये जाये।बैठक में पूर्व दर्जा मंत्री राजेश कुमार, एसपी क्राईम निहारिका तोमर,एडीएम कौस्तुभ मिश्र,अधीक्षण अभियंता लोनिवि अनिल पांगती, अधिशासी अभियंता गजेन्द्र सिंह, एआरटीओ मोहित कोठारी, जिला खनन अधिकारी मनीष कुमार आदि मौजूद थे।

# डेमोग्राफी व जनसांख्यिकी बदलाव पर डीएम को सौंपा पत्र

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

भवाली नगर की डेमोग्राफी व जनसांख्यिकी बदलाव को लेकर भाजपाईयों ने मंगलवार को जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल को ज्ञापन सौंपा।

कार्यकर्ताओं ने कहा कि पिछले दिनों समुदाय विशेष के एक व्यक्ति द्वारा अनुसूचित वर्ग की नाबालिग बच्ची से दुराचार की घटना सामने आई जिससे वह गर्भवती हो गई। इस घटना को गंभीर बताते हुए उन्होंने कहा कि नगर क्षेत्र में तेजी से हो रहे डेमोग्राफी व जनसांखियकी बदलाव के कारण आपराधिक प्रवृति के लोग ऐसी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं उन्होंने आरोप लगाया कि ऐसे लोगों को नगरपालिका की ओर से सरकारी भूमि पर निर्माण कार्यों के बाद बिजली-पानी के लिए एनओसी भी जारी की जा रही है कार्यकर्ताओं ने मांग की कि सेनिटोरियम क्षेत्र में बनी मस्जिद की भूमि की



वास्तविक स्वीकृति की जांच कराई जाए और बची हुई भूमि का उपयोग जनहित से जुड़े विकास कार्यों में किया जाए।

इसके साथ ही उन्होंने स्टांप पर बेची जा रही नजूल व सरकारी भूमि की खरीद फरोखत पर तत्काल रोक लगाने की भी मांग की। इस दौरान जिला मंत्री मनोज भट्ट, निवर्तमान महामंत्री भावना मेहरा, जिला उपाध्यक्ष दयाकिशन पोखरिया, मंडी परिषद सलाहकार मनोज जोशी, सभासद पूरन सिंह बिष्ट, पूर्व जिला मंत्री दिनेश सांगुड़ी ,अधिवक्ता शिवांशु जोशी समेत कमल चिलवाल कमल सुयाल आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अभिमत

## पेंशनर्स की उपेक्षा

*निजी क्षेत्र के करोड़ों कर्मचारियों को वृद्धावस्था में भरण-पोषण के लिए पेंशन स्कीम से बड़ी राहत मिलने की उम्मीद थी, परन्तु इतनी कम पेंशन दी जाती है कि उससे सेवानिवृत्त व्यक्ति एक वक्त का भोजन भी नहीं कर सकता है। ईपीएस-95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति कई वर्षों से साढ़े सात हजार रुपये पेंशन, महंगाई भत्ता और चिकित्सा सुविधा की मांग कर रही है। केन्द्र सरकार के बजट से पहले पूरे देश के पेंशनर्स ने एक बार फिर सरकार से यह मांग की। हर साल बजट से पहले पेंशनर्स अपनी पीड़ा सरकार को बताते हैं, लेकिन सरकार अनसुनी कर देती है।*

निजी क्षेत्र के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पेंशन का प्रावधान तीन दशक पहले किया गया। कर्मचारी भविष्यनिधि संगठन में कर्मचारियों के वेतन से जमा होने वाले फंड का निर्धारित भाग पेंशन के खाते में जमा किया जाता है और सेवानिवृत्त होने पर वही राशि पेंशन के तौर पर दी जाती हैं। वर्ष 1995 में पेंशन देने का निर्णय केन्द्र सरकार ने किया था, उससे पहले निजी क्षेत्र के कर्मचारियों को पेंशन नहीं मिलती थी। पेंशन स्कीम को ईपीएस-95 नाम दिया गया। निजी क्षेत्र के करोड़ों कर्मचारियों को वृद्धावस्था में भरण-पोषण के लिए पेंशन स्कीम से बड़ी राहत मिलने की उम्मीद थी, परन्तु इतनी कम पेंशन दी जाती है कि उससे सेवानिवृत्त व्यक्ति एक वक्त का भोजन भी नहीं कर सकता है। ईपीएस-95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति कई वर्षों से साढ़े सात हजार रुपये पेंशन, महंगाई भत्ता और चिकित्सा सुविधा की मांग कर रही हैं। केन्द्र सरकार के बजट से पहले पूरे देश के पेंशनर्स ने एक बार फिर सरकार से यह मांग की। हर साल बजट से पहले पेंशनर्स अपनी पीड़ा सरकार को बताते हैं, लेकिन सरकार अनसुनी कर देती है। वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने न्यूनतम पेंशन निर्धारण के लिए कोश्यारी समिति का गठन किया था। समिति ने तीन हजार रुपये न्यूनतम पेंशन की सिफारिश की थी। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने द्वारा बनाई गई समिति की सिफारिश पिछले दस साल में लागू नहीं की। वर्ष 2013 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की सरकार ने न्यूनतम पेंशन एक हजार रुपये करने का निर्णय किया था। उस समय प्रमुख विपक्षी दल भाजपा ने बहुत कम बताया था, लेकिन तीसरी बार सत्ता प्राप्त होने पर भी पेंशन नहीं बढ़ाई। वर्ष 2013 से पहले तो अनेक सेवानिवृत्त कर्मचारियों को तीन-चार सौ रुपये पेंशन मिलती थी। मनमोहन सिंह के निर्णय को भाजपा सरकार ने लागू किया, इसका श्रेय भी प्रधानमंत्री मोदी ले रहे हैं, जो अनुचित है। कर्मचारियों का बिना भुगतान फंड का लाखों करोड़ रुपये सरकार के खाते में जमा है, उस राशि की ब्याज से ही कर्मचारियों को न्यूनतम 20 हजार रुपये पेंशन दी जा सकती है। सरकारी क्षेत्र में रोजगार के अवसर लगातार घटते जा रहे हैं। सरकारी विभागों में नई भर्तियां कम हो गई हैं। निजी क्षेत्र का दायरा बढ़ा है। सरकार द्वारा निजी क्षेत्र के सेवानिवृत्त कर्मचारियों के जीवनयापन के बारे में जनहित में निर्णय लेने की जरूरत है। पेंशन बढ़ाने का भार सरकार पर नहीं पड़ेगा।

# ग्राफिक एरा में एडबलूएस जेएएम का भव्य आयोजन




भीमताल

हमारे संवाददाता

ग्राफि क एरा हिल यूनिवर्सिटी भीमताल कैंपस द्वारा अमेजन् वेब सर्विसेज (एडबलूएस) के सहयोग से मंगलवार को एडबलूएस जेएएम-2026 का सफ ल आयोजन किया गया। इस गेम आधारित कलाउड कंप्यूटिंग प्रतियोगिता में देशभर से 480 से अधिक प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह कार्यक्रम भीमताल कैंपस में आयोजित होने वाला पहला एडबलूएस जेएएम रहा जिसने विश्वविद्यालय की उद्योग उन्मुख तकनीकी शिक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कामयाबी को दर्शाया।

कार्यक्रम का आयोजन ग्राफिक एरा ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशंस के संस्थापक अध्यक्ष प्रो.डॉ. कमल घनशाला के दूरदर्शी नेतृत्व में किया गयाए जो अकादमिक उत्कृष्टता और उद्योग.संस्थागत समन्वय के प्रति विश्वविद्यालय की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है। भीमताल कैंपस के निदेशक ने एडबलूएस के ग्लोबल डिलीवरी रेडीनेस टेनिकल लीड श्री रोहित शर्मा एवं सॉल्यूशन आर्किटेट श्री अर्पित चौधरी का स्वागत किया तथा दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राफिक एरा यूनिवर्सिटी के कंप्यूटर साइंस संकाय सदस्य एवं इंडस्ट्री.अकैडमिया लीड श्री तेजस्वी घनशाला ने की।

अपने संबोधन में श्री रोहित शर्मा ने विद्यार्थियों को तकनीक और सीखने के अवसरों का सही उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने रोजगार के लिए प्रमाणपत्रों और व्यावहारिक कौशल के बढ़ते महत्व पर प्रकाश डालते हुए एडबलूएस स्किल बिल्डर प्लेटफॉर्म की उपयोगिता बताई। उन्होंने बताया कि एडबलूएस जेएएम प्ले,लर्न व वेलेडीटी की अवधारणा पर आधारित है जिससे छात्र प्रतिस्पर्धी और ओपन.बुक वातावरण में वास्तविक अनुभव प्राप्त करते हैं। साथ हीए उन्होंने डेटा एनालिटिस, जेनरेटिव एआई और मशीन लर्निंग जैसे उभरते क्षेत्रों में विशेषज्ञता की बढ़ती मांग पर भी प्रकाश डाला।इसके पश्चात प्रतियोगिता की शुरुआत हुईए जिसमें प्रतिभागियों ने एडबलूएस ग्राहकों द्वारा सामना की जाने वाली वास्तविक समस्याओं पर आधारित छह चुनौतियों को हल किया। प्रतियोगिता में छात्र लाइव लीडरबोर्ड पर अपनी प्रगति को ट्रैक करते रहे।प्रतियोगिता अत्यंत रोमांचक रहीए जहां प्रतिभागियों ने कम समय में सटीक समाधान प्रस्तुत करने की रणनीतियां अपनाईं। पूरे आयोजन के दौरान एडबलूएस के मेंटर्स ने मार्गदर्शन प्रदान किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शीर्ष दस प्रतिभागियों को कुल0 50 हजार रुपए0 की नकद पुरस्कार राशि एवं सम्मान प्रदान किए गए। समापन अवसर पर भीमताल कैंपस के निदेशक ने कहा कि पुरस्कार प्राप्त करने वालों के साथ साथ हर प्रतिभागी विजेता है क्योंकि सभी ने व्यावहारिक अनुभव और उद्योग.स्तरीय ज्ञान अर्जित किया है।

## अक्टूबर तक कैंची धाम बाइपास का कार्य हो जाएगा पूरा

**नैनीताल ।** पवित्र कैंची धाम क्षेत्र में यात्रियों और श्रद्धालुओं को जाम से निजात दिलाने के लिए दूनीखाल से रातीघाट बाईपास मार्ग का निर्माण किया जा रहा है। कटिंग का कार्य पूरा हो चुका है।

मामले में लोनिवि के अधिशासी अभियंता रत्नेश सकसेना ने बताया कि सेनिटोरियम से रातीघाट तक 19 किमी बाईपास का निर्माण किया जाना है। बताया कि 5 करोड़ पांच लाख की लागत से कटान किया गया। वहीं दूसरी किस्त में 9 करोड़ की लागत से कलमठ तथा दीवार और नाली का कार्य किया जा रहा है। बताया कि तीसरी किश्त 9 करोड़ की लागत से पुल का निर्माण किया जाना है। बताया कि अक्तुबर तक कार्य पूरा कर दिया जाएगा। जिससे कैंची धाम में जाम की समस्या दूर हो जाएगी। इसका सबसे अधिक लाभ अल्मोड़ा, रानीखेत, बागेश्वर, पिथौरागढ़ए धारचूला और हल्द्वानी के यात्रियों के साथ सैलानियों को होगा।

## संवेदनशील क्षेत्र बनभूलपुरा में पुलिस व्यवस्था की परख

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

संवेदनशील क्षेत्र कोतवाली बनभूलपुरा में पुलिस व्यवस्था को और अधिक चुस्त-दुरुस्त बनाने के उद्देश्य से सोमवार को पुलिस अधीक्षक हल्द्वानी श्री मनोज कुमार कत्याल ने कोतवाली का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुलिसिंग की हर कड़ी—सुरक्षा, अभिलेख, अनुशासन और तत्परता की बारीकी से समीक्षा की गई।

निरीक्षण की शुरुआत प्रभारी निरीक्षक दिनेश सिंह फर्त्याल द्वारा कोतवाली परिसर, भवन, कर्मचारी बैरक व मालखाने के निरीक्षण से कराई गई। एसपी हल्द्वानी ने कार्यालय, परिसर एवं भोजनालय की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश देते हुए कहा कि अनुशासित और स्वच्छ वातावरण ही प्रभावी पुलिसिंग की नींव है।

कोतवाली में तैनात पुलिस कर्मियों की शस्त्र ड्रिल कराई गई। एसपी ने थाना प्रभारी को निर्देश दिए कि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए नियमित शस्त्राभ्यास कराया जाए।



संवेदनशील क्षेत्र होने के कारण दंगा नियंत्रण उपकरणों का भी अभ्यास कराया गया, ताकि हालात बिगड़ने से पहले ही नियंत्रण किया जा सके।

निरीक्षण के दौरान कोतवाली के सभी अभिलेखों की गहन जांच की गई। एसपी हल्द्वानी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी रजिस्टर अद्यावधिक रहें और किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो। कार्यालय में नियुक्त कार्मिकों को सभी ऑनलाइन पोर्टल्स एवं सी सी टी एन एस कार्यों का डेटा समयबद्ध रूप से अपडेट करने को कहा गया। महिला हेल्पडेस्क का निरीक्षण करते हुए पुलिस अधीक्षक ने वहां नियुक्त कर्मियों को निर्देश दिए कि महिलाओं से जुड़ी शिकायतों पर तत्काल, निष्पक्ष और संवेदनशील कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। कोतवाली में मौजूद सभी माल मुकदमाती की जांच की गई। थाना प्रभारी को माननीय न्यायालय की प्रक्रिया के अनुसार मामलों का शीघ्र निस्तारण कराने के निर्देश दिए गए।

एसपी ने विवेचनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि जांच की गुणवत्ता के साथ कोई समझौता न किया जाए और सभी मामलों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा में किया जाए।

निरीक्षण के उपरांत अधिकारियों व कर्मचारियों का सम्मेलन लिया गया। एसपी ने क्षेत्र में पुलिस विजिबिलिटी बढ़ाने, नशे के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने तथा सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के लिए सतर्क व सक्रिय ड्यूटी करने के निर्देश दिए। कर्मचारियों की समस्याएं भी सुनी गई और समाधान किया गया।

निरीक्षण के दौरान अमित कुमार, क्षेत्राधिकारी, दिनेश सिंह फर्त्याल, प्रभारी निरीक्षक बनभूलपुरा सहित कोतवाली के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# फिल्मी दुनिया

## संजय कपूर ने अपने निर्देशकों के प्रति जताया आभार







*संजय कपूर ने आज सोशल मीडिया पर एक खास पोस्ट के जरिए अपने अविश्वसनीय निर्देशकों के प्रति आभार जताया है। संजय जल्द ही क्राइम-थ्रिलर सीरीज अब होगा हिसाब में नजर आएंगे।*

*अभिनेता संजय कपूर पिछले आठ साल में अपने फिल्मी सफर को बहुत खास मानते हैं। उन्होंने सोशल मीडिया हैंडल पर कई यादगार और शानदार तस्वीरें शेयर कीं। इसके साथ ही संजय ने अपने निर्देशकों के प्रति आभार व्यक्त किया है। संजय कपूर ने इंस्टाग्राम पर अपनी कई शानदार तस्वीरें शेयर की हैं। इस पोस्ट के साथ संजय ने लिखा, यह आठ साल उनके लिए एक्टर के तौर पर कमाल के रहे हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि उन्हें बहुत अच्छे निर्देशकों के साथ काम करने का मौका मिला। उन्होंने दिबाकर बनर्जी, जोया अख्तर, बेजॉय नांबियार, करिश्मा कोहली, श्रीराम राघवन, अली अब्बास जफर और नीरज घेवान जैसे निर्देशकों को धन्यवाद किया। संजय ने लिखा कि इन सभी निर्देशकों ने उन पर भरोसा किया और उन्हें अपने प्रोजेक्ट्स में मौका दिया।*

### अब होगा हिसाब में नजर आएंगे संजय

*संजय का अगला प्रोजेक्ट एक वेब सीरीज है, जिसका नाम है- अब होगा हिसाब। यह एक क्राइम ड्रामा-थ्रिलर है, जिसमें शाहीर शेख और मौनी रॉय भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। इस सीरीज में और भी कलाकार हैं जैसे अविनाश मिश्रा, निमृत कौर अहलूवालिया, हरमन सिंघा और आशीमा वरदान। यह वेब सीरीज अमेजन एमएक्स प्लेयर पर फ्री में आने वाली है।*

## सीएम के कार्यक्रम को भव्य और दिव्य बनाने को महापौर ने जिला प्रशासन के साथ बनाई रूपरेखा

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के आगामी 14 फरवरी को प्रस्तावित रुद्रपुर आगमन को ऐतिहासिक बनाने के लिए तैयारियां युद्ध स्तर पर शुरू हो गई हैं।

मुख्यमंत्री के इस कार्यक्रम को भव्य और दिव्य रूप देने के लिए महापौर विकास शर्मा ने जिला प्रशासन और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ गहन मंथन कर रूपरेखा तैयार की। इस यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री न केवल करो ों रुपये की विकास योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे, बल्कि शहर की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत को भी नई पहचान देंगे। मुख्यमंत्री 14 फरवरी को रुद्रपुर आगमन का मुख्य आकर्षण इंदिरा चौक पर स्थापित भव्य त्रिशूल का लोकार्पण होगा। बाद में मुख्यमंत्री एक विशाल रोड शो के माध्यम से जनता का अभिवादन स्वीकार करेंगे। रोड शो गल्ला मंडी होते हुए गांधी पार्क पहुंचेगा। महापौर ने बताया कि सीएम धामी का मुख्य कार्यक्रम गांधी पार्क के विशाल प्रांगण में आयोजित होगा। यहाँ



जिले को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाने वाली करोड़ों की योजनाओं की सौगात देंगे। साथ ही, मुख्यमंत्री दस दिवसीय प्रादेशिक सरस मेले का विधिवत शुभारंभ कर प्रदर्शनी का अवलोकन भी करेंगे।कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने के लिए महापौर ने जिलाधिकारी नितिन भदौरिया,मंडी परिषद अध्यक्ष अनिल कपूर डब्बू,मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी के साथ विस्तृत चर्चा की। बैठक में सुरक्षा व्यवस्था, ट्रैफिक रूट डायवर्जन और जनसभा के दौरान नागरिकों की सुविधाओं को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए.बैठक में नगर आयुक्त शिप्रा जोशी पांडे, महामंत्री पारस चुघ, धीरेन्द्र मिश्रा, दिलजोत बाजवा आदि शामिल थे।

# निर्माणाधीन एसटीपी प्लांट के लिए नहीं हो पाई जमीन तय

नैनीताल
हमारे संवाददाता

नैनीताल नगर की सीवर समस्या के समाधान के लिए समीपवर्ती रूसी गांव में निर्माणाधीन एसटीपी प्लांट के लिए जमीन तय नहीं हो पाई है। जिसके चलते 96.15 करोड़ की योजना अधर में लटकी हुई है।

बता दें कि नैनीताल में उत्तराखंड अर्बन सेक्टर डेवलपमेंट एजेंसी 96.15 करोड़ की लागत से नई सीवर लाईन बिछाने व रूसी बाईपास में सीवर ट्रीटमेंट प्लांट बनाने का कार्य कर रही है। इसके तहत नैनीताल से रूसी बाईपास तक सीवर लाइन बिछाने का काम किया जा चुका है साथ ही रूसी बाईपास में स्टाफ क्वाटर और सीवर प्लांट के टैंक बनाने का काम हुआ था लेकिन बारिश में बरसाती नाले में पानी का बहाव तेज होने से सीवर प्लांट की तलहटी पर भू कटाव होने से प्लांट में रखी लाखों रुपये की निर्माण सामग्री बरसाती नाले में पहुंच गई थी, साथ ही करोड़ों का प्लांट खतरे की जद में आ गया था। इस कारण कार्यदायी संस्था को अगस्त 2023 में एसटीपी का कार्य रोकना पड़ा था। कार्यदायी संस्था की ओर से तलहटी पर सुरक्षा कार्य किए और एसटीपी के लिए पांच एकड़ भूमि पटवाडांगर में चिंहित कर ली गई थी।

शासन की ओर से सैद्धांतिक स्वीकृति के बाद रूसी में प्लांट का कार्य बंद कर कार्यदायी संस्था पटवाडांगर में एसटीपी बनाने की तैयारियों में जुट गई। सर्वे के बाद भूगर्भीय सर्वेक्षण के लिए क्षेत्र तक बोरिंग मशीन पहुंचाने के लिए समतलीकरण का कार्य भी किया गया। लेकिन सर्वेक्षण के लिए आईआई रूड़की की टीम पहुंचने से पहले ही शासन की ओर से पटवाडांगर में एसटीपी प्लांट बनाने पर रोक लगा दी थी।

शासन की ओर से कहा गया था कि पटवाडांगर नैनीताल जैव प्रौद्योगिकी परिषद् स्थित भूमि पर पूर्व में यूआईआईडीबी और उच्च शिक्षा विभाग को भूमि हस्तांतरण की अनुशंसा की जा चुकी है। इस भूमि के एक भाग पर शहरी विकास विभाग की ओर से एटीपी का निर्माण प्रस्तावित किया जा रहा है। यूआईआईडीबी के सेकटर की परियोजनाओं के दृष्टिगत एसटीपी का निर्माण विपरीत प्रभाव डालेगा।

कहा था कि नैनीताल नगर के समीप स्थित वन भूमि पर एसटीपी निर्माण का प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाए लेकिन उसके बाद भी कार्यदायी संस्था को एसटीपी के लिए कोई जमीन नहीं मिली लेकिन शासन की ओर से दोबारा प्रशासन, कार्यदायी संस्था यूआईआईडीबी, कुविवि, जल संस्थान, वन विभाग की कमेटी बनाकर जमीन का फिर मुल्यांकन कराया गया था लेकिन अभी तक एसटीपी के लिए अब तक कोई जमीन तय नहीं हो पाई है। जिसके चलते एसटीपी का कार्य लटका हुआ है।

### शासन से स्वीकृति मिलते ही कार्य होगा शुरुःएसडीएम

नैनीताल। मामले में एसडीएम नवाजिश खलिक ने बताया कि पटवाडांगर में विभिन्न विभागों की टीम की ओर से निरीक्षण के बाद मूल्यांकन रिपोर्ट शासन को भेज दी गई है। शासन से स्वीकृति मिलते ही कार्य शुरू किया जा सकेगा।

## News कॉर्नर

### युवक की गोली मारकर हत्या, इलाके में दहशत

देहरादून। तिब्बती मार्केट के पास अज्ञात हमलावरों ने एक व्यक्ति को गोली मार दी। गंभीर हालत में घायल को पुलिस ने दून अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान अर्जुन शर्मा, निवासी इंदिरा नगर, थाना बसंत विहार, देहरादून के रूप में हुई है। अर्जुन शर्मा जीएमएस रोड स्थित अमरदीप गैस एजेंसी के स्वामी थे। तिब्बती मार्केट के पास अज्ञात हमलावरों ने एक व्यक्ति को गोली मार दी। गंभीर हालत में घायल को पुलिस ने दून अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान अर्जुन शर्मा, निवासी इंदिरा नगर, थाना बसंत विहार, देहरादून के रूप में हुई है। अर्जुन शर्मा जीएमएस रोड स्थित अमरदीप गैस एजेंसी के स्वामी थे।

### भुगतान, चारा आपूर्ति का वादा पूरा न किए जाने से ग्रामीणों में रोष

अल्मोड़ा। ग्राम सभा जमणिया में वन विभाग की ओर से जंगली जानवरों के आतंक को देखते हुए कराए गए झाड़ी कटान कार्य की मजदूरी का भुगतान न होने व चारा आपूर्ति का वादा पूरा न किए जाने से ग्रामीणों में आक्रोश है। इन मांगों को लेकर ग्रामीण चार फरवरी से धरने पर बैठे हुए हैं।ग्रामीणों ने कहा कि सुरक्षा कारणों से वन विभाग ने ग्राम सभा की मातृ शक्तियों से झाड़ियों का कटान कराया था और पूरा भुगतान करने का आश्वासन दिया गया था। इसके बावजूद झाड़ी कटान की मजदूरी की कुल राशि 2,36,350 रुपये का भुगतान अब तक नहीं किया गया। साथ ही विभाग की ओर से एक माह तक ग्राम सभा को चारा उपलब्ध कराने का वादा भी किया गया था, जो अभी तक पूरा नहीं हो पाया है। ग्रामीणों ने बुधवार को दोपहर एक बजे ग्राम पंचायत भवन, जमनिया में बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया है। सामाजिक कार्यकर्ता सुंदर सिंह ने बैठक में सामाजिक कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों और स्थानीय नागरिकों से पहुंचकर सहयोग करने की अपील की है।

# ऑपरेशन स्माइल में नैनीताल पुलिस को बड़ी सफलता, 33 गुमशुदा अब तक बरामद

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

गुमशुदा व्यक्तियों की तलाश एवं उनके पुनर्वास के उद्देश्य से पुलिस द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन स्माइल अभियान को जनपद नैनीताल में उल्लेखनीय सफलता मिल रही है। अभियान के तहत अब तक 33 गुमशुदा व्यक्तियों को सकुशल बरामद किया जा चुका है।

राज्य स्तर पर यह विशेष अभियान 01 जनवरी 2026 से दो माह की अवधि के लिए पुन: प्रारंभ किया गया है। अभियान का संचालन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल डॉ. मंजूनाथ टी.सी. के निर्देशन में तथा सीओ ऑपरेशन अमित कुमार (नोडल अधिकारी ऑपरेशन स्माइल) के पर्यवेक्षण में किया जा रहा है।

अभियान को प्रभावी बनाने के लिए जनपद स्तर पर एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग टीम सहित कुल चार विशेष टीमें गठित की गई हैं, जिनमें एक उपनिरीक्षक एवं चार आरक्षी शामिल हैं।



अभियान में और अधिक सार्थक परिणाम प्राप्त करने के उद्देश्य से सीओ ऑपरेशन अमित कुमार की अध्यक्षता में आज पुलिस बहुउद्देशीय भवन, हल्द्वानी में ऑपरेशन स्माइल टीमों एवं संबंधित स्टेकहोल्डर विभागों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में टीमों को नेटग्रिड, सर्विलांस तकनीक का अधिकतम उपयोग करने, विभिन्न स्टेकहोल्डर विभागों एवं एनजीओ के साथ समन्वय स्थापित कर संभावित स्थानों पर गुमशुदाओं की तलाश तेज करने के निर्देश दिए गए। साथ ही, गुमशुदा व्यक्तियों से पूछताछ एवं बरामदगी के दौरान माननीय न्यायालय एवं विभिन्न आयोगों द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में जिला प्रोबेशन विभाग, धरोहर बाल आश्रय गृह, चाइल्ड हेल्पलाइन, वीरांगना संस्था, सीडब्ल्यूसी सदस्य, ऑपरेशन स्माइल टीम प्रभारी एवं सदस्य, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग सेल, जिला अपराध अभिलेख ब्यूरो की तकनीकी टीम तथा साइबर टीम के अधिकारी उपस्थित रहे।

पुलिस द्वारा चलाया जा रहा यह अभियान गुमशुदा व्यक्तियों की सुरक्षित वापसी एवं उनके पुनर्वास की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है।

# युवक बना जहरखुरानों का शिकार, मोबाइल-पर्स लूटा और खाते से उड़ाए एक लाख रुपये

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

दिल्ली से दोस्त की शादी में शामिल होने भीमताल आ रहे गणाई गंगोली (बेरीनाग) निवासी युवक को जहरखुरानों ने ऐसा निशाना बनाया कि खुशियों का सफर खौफनाक मंजर में बदल गया। बदमाशों ने युवक को नशीला पदार्थ खिलाकर न सिर्फ उसका मोबाइल और पर्स पार कर दिया, बल्कि उसके फोन से करीब एक लाख रुपये का ऑनलाइन ट्रांजेक्शन भी कर डाला। युवक सुबह काठगोदाम के शीशमहल क्षेत्र में बेहोशी की हालत में पड़ा मिला।

मिली जानकारी के अनुसार पंकज पांडे, जो दिल्ली के बदरपुर बॉर्डर क्षेत्र में रहकर डिजिटल मार्केटिंग का काम करते हैं, देर रात आनंद विहार से काठगोदाम डिपो की रोडवेज बस में सवार हुए थे। बताया जा रहा है कि सफर के दौरान ही जहरखुरानों ने उन्हें अपने जाल में फंसा लिया। आशंका है कि उन्हें नशीला पदार्थ मिलाकर कुछ खिलाया या पिलाया गया, जिसके बाद वे बेसुध हो गए। सुबह करीब पांच बजे बस स्टाफ ने उन्हें काठगोदाम के शीशमहल क्षेत्र में उतार दिया। वहां वे अचेत अवस्था में पड़े मिले। इसी बीच मॉर्निंग वॉक पर निकले एक व्यक्ति को पंकज ने किसी तरह अपने पिता का मोबाइल नंबर बताया। इसके बाद परिजनों को अनहोनी की सूचना मिली।

कठघरिया निवासी हिमांशु कांडपाल ने बताया कि मंगलवार सुबह दिल्ली में रहने वाले उनके ससुर का फोन आया कि उनके बेटे पंकज के साथ कुछ गंभीर घटना हो गई है। सूचना मिलते ही हिमांशु मौके पर पहुंचे तो पंकज बदहवास हालत में मिले। उन्हें तुरंत कुसुमखेड़ा स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां आईसीयू में उनका इलाज चल रहा है। चिकित्सकों के अनुसार हालत में हल्का सुधार है। इधर, पंकज के होश में आने पर पता चला कि उनका मोबाइल और पर्स गायब है। इतना ही नहीं, उनके बैंक खाते से करीब एक लाख रुपये का ऑनलाइन ट्रांजेक्शन भी कर दिया गया। आशंका जताई जा रही है कि जहरखुरानों ने मोबाइल के जरिए ओटीपी हासिल कर रकम उड़ाई। मामले की सूचना काठगोदाम थाना पुलिस को दे दी गई है।

# श्रमिक संयुक्त मोर्चा का कल होने वाली हड़ताल को सफल बनाने का आह्वान

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

श्रमिक संयुक्त मोर्चा के बैनर तले श्रमिक नेताओं ने मजदूर विरोधी 4 श्रम संहिताओं को वापस लेने की मांग को लेक 12 फरवरी की हड़ताल को सफल बनाने का आह्वान किया।



मंगलवार को एक होटल में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान श्रमिक संयुक्त मोर्चा के अध्यक्ष दिनेश तिवारी ने केन्द्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि मोदी सरकार मजदूर वर्ग को पूंजीपतियों का गुलाम बना देना चाहती है। सरकार ने पुराने श्रम कानूनों को खत्म कर नये श्रम कोड लागू कर दिए। इन श्रम कोड्स के माध्यम से मालिक मजदूरों से कम वेतन पर ज्यादा घंटे काम लेगा। इन श्रम कोड्स को वापस लेने की मांग पिछले 5 सालों से श्रमिक लगातार कर रहे थे। परंतु सरकार की कॉरपोरेटपरस्त मंशा के कारण नवम्बर 2025 से ये श्रम संहिताएं बेशर्मी के साथ लागू कर दी। तिवारी ने कहा कि इन लेबर कोड्स को लागू करने के खिलाफ 12 फरवरी को हड़ताल का आह्व है। जिसमें सिडकुल की दर्जनभर यूनियनें हड़ताल पर जायेंगी। जिन्होंने अपने प्रबंधन को भी नोटिस दे दिया है। इसके अलावा आशा वर्कर्स व अन्य महिला स्कीम वर्कर्स भी हड़ताल में शामिल रहेंगे। संयुक्त किसान मोर्चा ने भी हड़ताल को समर्थन देने की घोषणा की है। उन्होंने बताया कि जिले के मजदूर-किसान गांधी पार्क में 10 बजे से एकत्रित होंगे और जनसभा करेंगे ट्रेड यूनियन एक्टू के राष्ट्रीय सचिव केके बोरा ने कहा कि यह हड़ताल कार्रवाई एक बहुत ही नाजुक स्थिति में हो रही है। केंद्र सरकार, ट्रेड यूनियनों को नियंत्रित करने और कमजोर करने और भारतीय श्रमिक वर्ग आंदोलन को पूंजी के हमले के सामने निहत्था करने के लिए,चार श्रम संहिताएं लेकर आई है। सरकार भारतीय और विदेशी मूल के बड़े कॉर्पोरेट्स के फायदे के लिए सभी रणनीतिक सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और सार्वजनिक सेवाओं जैसे रेलवे, बंदरगाह और डॉक, कोयला खदानों, तेल, स्टील, रक्षा, सड़क मार्ग, हवाई अड्डे, बैंक, बीमा, दूरसंचार, डाक, परमाणु ऊर्जा, बिजली उत्पादन और आपूर्ति आदि के निजीकरण और बिक्री का अपना एजेंडा जारी रखे हुए है, जिससे स्वदेशी औद्योगिक विकास और आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था खतरे में पड़ रही है। इस दौरान जिला सचिव ललित मटियाली, सौरभ,धीरज जोशी, जीवन, प्रकाश मेहरा,भरत जोशी, प्रकाश नेगी,कमलेश कार्की मौजूद थे।

### तेज आवाज में डीजे बजाने से टोकने पर युवक को पीटा

काशीपुर। काशीपुर में आईटीआई कोतवाली क्षेत्र के नीझड़ा फार्म के पास तेज आवाज में डीजे बजाने से टोकने पर कुछ लोगों ने एक युवक से मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर तीन नामजद समेत पांच लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

जसपुर खुर्द के नीझड़ा फार्म निवासी संदीप कुमार पुत्र सतीश कुमार ने आईटीआई कोतवाली पुलिस में तहरीर सौंपी।

# विकास भवन भीमताल में किया गया कार्यशाला का आयोजन

नैनीताल
हमारे संवाददाता

सेफर इंटरनेट डे के उपलक्ष्य में स्मार्ट टेक, सेफ चॉइसेस एसप्लोरिंग द सेफ एंड रिस्पॉन्सिबल यूज ऑफ एआई विषय के अंतर्गत मंगलवार को विकास भवन भीमताल में जिला सूचना एवं विज्ञान केंद्र नैनीताल द्वारा एक जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए मुखय विकास अधिकारी अरविन्द कुमार पांडे द्वारा भी इंटरनेट के सुरक्षित और जिमेदार उपयोग हेतु प्रमुख साइबर खतरों और निवारण तकनीकों के बारे में उपयोगकर्ताओं को शिक्षित करने और नागरिकों के बीच एआई के सुरक्षित और जिमेदार उपयोग करने के बारे में बताया गया।

कार्यशाला में अपर जिला सूचना विज्ञान अधिकारी नैनीताल तिलोत्मा यादव द्वारा बताया कि विशेष रूप से बच्चों और युवाओं के लिए इंटरनेट और एआई के सुरक्षित और जिमेदार उपयोग के प्रति संवेदनशील बनाने और जागरूकता बढ़ाने के लिए फरवरी के दूसरे मंगलवार को विश्व स्तर पर सुरक्षित इंटरनेट दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष सुरक्षित इंटरनेट दिवस स्मार्ट तकनीक सुरक्षित विकल्प एआई के सुरक्षित और जिमेदार उपयोग थीम के तहत मनाया जा रहा है। कार्यक्रम में जिला विकास अधिकारी गोपाल गिरी, जिला शिक्षा अधिकारी पुष्कर लाल टम्टा, जिला पंचायत राज अधिकारी सुरेश कुमार बैनी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# सीडीओ ने की बाल विकास विभाग के तहत संचालित लाभार्थीपरक योजनाओं की समीक्षा

नैनीताल
हमारे संवाददाता

जिले के विकास भवन सभागार भीमताल में मंगलवार को मुखय विकास अधिकारी अरविन्द कुमार पांडे की अध्यक्षता में बाल विकास विभाग अन्तर्गत संचालित समस्त लाभार्थीपरक योजनाओं की समीक्षा की गयी जिसमें प्रधानमंत्री मातृ वन्दना योजना, राष्टीय पोषण मिशन योजना, नंदा गौरा योजना, बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ योजना, वन स्टॉप सेन्टर एवं विभागान्तर्गत संचालित अन्य समस्त योजनाओं की अद्यतन प्रगति पर बैठक आहूत की गयी।




मुखय विकास अधिकारी पांडे ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि लाभार्थीपरक योजनाओं का पात्र लाभार्थियों को ससमय लाभ दिलाना सुनिश्चित करें तथा कोई पात्र लाभार्थी लाभ से वंचित न रहें। जनपद के अन्तर्गत समस्त परियोजनाओं में मॉडल आंगनबाडी केन्द्रों की स्थापना की जाए। कुपोषण से मुक्ति एवं महिलाओं को स्वावलंबी बनाने एवं संरक्षण प्रदान करने हेतु नवाचार गतिविधियां आयोजित की जाए एव समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी अपने नियमित निर्धारित निरीक्षण करना सुनिश्चित करें।

प्रतिदिन समस्त ऑनलाइन पोर्टल की सूचना अपडेट रखे तथा प्रधानमंत्री मातृ वन्दना योजना में लक्ष्यों को प्राप्त करने हेत एक विशेष अभियान चलाते हुए शत प्रतिशत कामयाबी प्राप्त करना सुनिश्चित करें व इसमें मुखय विकास अधिकारी द्वारा सखत निर्देश दिये गये कि बीस सूत्रीय कार्यक्रम अन्तर्गत निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति न होने पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। बैठक में जिला विकास अधिकारी गोपाल गिरी, जिला कार्यक्रम अधिकारी सुश्री अनुलेखा बिष्ट तथा जिला समाज कल्याण अधिकारी विश्वनाथ गौतम उपस्थित रहे।